**भारत सरकार**
**भारी उद्योग मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 298**
**04 फ़रवरी, 2025 को उत्तर के लिए नियत**

**"फेम-।। योजना की स्थिति"**

298. **डॉ. राजेश मिश्रा**:

**श्री शंकर लालवानी**:

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विशेष रूप से 16.15 लाख इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने/प्रोत्साहित करने के संबंध में फेम-।। योजना की अद्यतन स्थिति क्या है;

(ख) सरकार का देश में विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में इलेक्ट्रिक वाहनों के तेजी से प्रसार को किस प्रकार से बढ़ावा देने का विचार है; और

(ग) सिंगरौली एक औद्योगिक जिला है और वहां प्रदूषण का स्तर बहुत अधिक है अत: सिंगरौली जिले में इलेक्ट्रिक वाहनों के व्यापक उपयोग को बढ़ावा देने के लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**भारी उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा)**

**(क):** फेम इंडिया स्कीम के चरण- II के तहत, 31.12.2024 तक, इलेक्ट्रिक वाहनों की निम्नलिखित संख्या का समर्थन किया गया है: -

| **क्र.सं.** | **इलेक्ट्रिक वाहन का प्रकार** | **वाहनों की कुल संख्या** |
|---|---|---|
| 1. | दुपहिया | 14,28,009 |
| 2. | तिपहिया | 1,64,180 |
| 3. | चौपहिया | 22,548 |
| | **कुल** | **16,14,737** |

**(ख):** फेम-II स्कीम को अखिल भारतीय आधार पर कार्यान्वित किया गया था, जिसमें शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों को शामिल किया गया । इसका उद्देश्य इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देना और प्रदूषण को कम करना, देश भर में स्वच्छ ऊर्जा समाधानों तक पहुंच सुनिश्चित करना है।

**(ग):** फेम-II स्कीम के तहत सिंगरौली जिले में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित इलेक्ट्रिक वाहनों का विवरण निम्नानुसार है: -

| **खंड** | **प्रोत्साहित ईवीएस की संख्या** | **प्रोत्साहन राशि का भुगतान (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|
| ई-दुपहिया | 225 | 0.76 |
| ई-तिपहिया | 7 | 0.06 |
| कुल | 232 | 0.82 |

*****